भारतीय प्रसारण निगम

24.08.2024 **18:00 बजे**

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के सभी अधिकारी व कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य हैं और उनकी सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। शिमला में आज विभिन्न अराजपत्रित कर्मचारी व शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें अपनी मांगों से अवगत करवाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते और एरियर जारी करने के मांग के संबंध में कहा कि वे एक माह के भीतर राज्य की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सितंबर माह के अंत में कर्मचारी संगठनों के साथ फिर से बैठक करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता व अन्य लाभ जारी करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ ही कर्मचारियों को सभी लाभ जारी कर दिए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के राजस्व संसाधानों को बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते की किश्तों पर रोक लगा दी थी, जबकि वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों को सात प्रतिशत मंहगाई भत्ता जारी किया है। इसके अलावा 75 वर्ष से अधिक आयु के पैंशनरों को एक साथ एरियर का भुगतान किया जा रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कडी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में जिला कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित रेडक्रॉस मेले के दौरान मैराथन दौड़ में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस मैराथन दौड़ को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना है और युवाओं में खेलों के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश सहित_जनजातीय जिलों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतरता के साथ कार्य कर रही है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कल्पा में जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा, ताकि स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

यादविंद्र गोमा

आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि आयुर्वेद उपचार की सबसे प्राचीनतम पद्धति है और पूरा विश्व इसे उपचार के लिए अपना रहा है। उन्होंने आज जयसिंहपुर क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान अश्वगंधा का पौधा रोपित किया और लोगों को भी पौधे वितरित किए। यादविंद्र गोमा ने कहा कि लोगों को अश्वगंधा के औषधीय गुणों, महत्व और लाभ के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में आयुर्वेदिक उपमंडल कार्यालयों के स्तर पर राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस जागरूकता अभियान को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक चलाया जाएगा। आयुष मंत्री ने कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद को सुदृढ़ किया जा रहा है और होम्योपैथी चिकित्सकों के 22 पद भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में एक सौ 55 हैल्थ वैलनेस सेंटर बनाए गए हैं और जल्द ही आलमपुर में दस बिस्तरों का आयुर्वेद अस्पताल निर्मित किया जाएगा।

राजीव बिंदल

भाजपा का राष्ट्रव्यापी संगठन महापर्व सदस्यता अभियान देश सहित प्रदेश में भी चलाया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सदस्यता अभियान को लेकर आज सोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की और सभी को इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सार्थक बनाने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। राजीव बिंदल ने बताया कि भाजपा अपने इस संगठानतमक राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान में नए सदस्यों को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दो सौ नए सदस्य जोडे जाएंगे और इस अभियान के तहत आगामी दिनों में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।

———————————————————————————